हरिभूमि

# सोनीपत भूमि

रोहतक, रविवार, 7 दिसंबर 2025


तापमान

अधिकतम 25 .1 डिग्री
न्यूनतम 3 .5 डिग्री


12 पुलिस ने जरूरतमंदों को कंबल बांटे





13 ज्ञान नगर बस्ती में तोड़फोड़ की कार्रवाई टली




## खबर संक्षेप

### कार से शराब की अवैध खेप बरामद

**सोनीपत।** थाना सिविल लाइन सोनीपत पुलिस ने अवैध शराब तस्करी में संलिप्त एक आरोपित को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से देसी और अंग्रेजी शराब बरामद की है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान विक्रांत पुत्र रणधीर निवासी गांव लहराडा, जिला सोनीपत के रूप में हुई है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम कामी रोड के पास सुगर मिल के निकट नाकेबंदी कर सतर्क हो गई। कुछ देर बाद संदिग्ध आई-10 गाड़ी दिखाई दी, जिसे रोककर जांच की गई। तलाशी में गाड़ी से 25 पेटी पव्वा देसी, 5 पेटी पव्वा अंग्रेजी शराब बरामद हुए।

### डाकघरों में अपडेट करवा सकेंगे आधार कार्ड

**सोनीपत।** भारतीय डाक विभाग, सोनीपत मंडल की ओर से जिले के नागरिकों को आधार कार्ड में दर्ज विवरण को अद्यतन (अपडेट) करवाने की सूचना दी गई है। यह सुविधा जिले के कई प्रमुख डाकघरों में उपलब्ध है, ताकि नागरिक सरकारी योजनाओं, बैंकिंग सेवाओं और अन्य सुविधाओं का लाभ बिना किसी रुकावट के प्राप्त कर सकें। सोनीपत मुख्य डाकघर, मुरथल, खरखौदा, के जी खानपुर, बूटाना, और गोहाना एमडीजी डाकघरों में आधार सेवा उपलब्ध है। नागरिक अपने निकटतम इन डाकघरों में जाकर सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक आधार से जुड़ी सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं। इस दौरान आधार में नाम, पता, जन्मतिथि, और मोबाइल नंबर अपडेट, नया आधार नामांकन, बायोमेट्रिक अपडेट, फिंगरप्रिंट और आँख की स्कैनिंग आदि सुविधा दी जाएगी।

### बैट्री और कंट्रोलर चोरी करने के आरोपी काबू

**सोनीपत।** सोनीपत की क्राइम यूनिट सेक्टर-3 पुलिस ने ई-रिक्शा से बैटरी और कंट्रोलर चोरी करने के मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान अंकुश उर्फ अंकुर निवासी माहरा हाल शास्त्री कॉलोनी सोनीपत और सागर उर्फ पांडा निवासी नरेला दिल्ली के रूप में हुई है। मामला 4 दिसंबर 2025 को सामने आया, जब सुनील पुत्र महावीर निवासी भठगांव ने थाना शहर सोनीपत में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के अनुसार, 2 दिसंबर को उसकी ई-रिक्शा सुभाष स्टेडियम के पास खराब हो गई थी, जिसके बाद उसने उसे परिचित की दुकान मिया जी स्पेयर पार्ट्स (शम्भु दयाल स्कूल के सामने) के पास खड़ा कर दिया। अगले दिन दुकान पर पहुंचने पर उसने पाया कि ई-रिक्शा से बैटरी और कंट्रोलर चोरी हो चुके थे।

स्मार्ट सोनीपत की ओर कदम : संयुक्त मुख्यालय और आईसीसीसी परियोजना को मिली हरी झंडी

# निगम के नए भवन में होगा एसएमडीए का कार्यालय, एक छत के नीचे मिलेंगी सुविधाएं

देवडू में बनेगा नया एसटीपी, सीवरेज सिस्टम मजबूत करने का बड़ा फैसला

सेक्टर-3 की अत्याधुनिक पांच मंजिला इमारत दोनों विभागों का साझा केंद्र बनेगी

सड़कों के चौड़ीकरण, ड्रेनेज, स्ट्रीट लाइट और सौंदर्यीकरण की विस्तृत योजना जल्द तैयार होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

शहर के नियोजित और त्वरित विकास को सुनिश्चित करने की दिशा में सोनीपत महानगर विकास प्राधिकरण (एसएमडीए) ने एक बड़ा कदम उठाया है। अब एसएमडीए और नगर निगम, दोनों का मुख्य कार्यालय एक ही छत के नीचे होगा। एसएमडीए की मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) मोना श्रीनिवासन की अध्यक्षता में हुई प्राधिकरण की महत्वपूर्ण बैठक में यह फैसला लिया गया कि सेक्टर-3 में नगर निगम के लिए निर्माणाधीन नया भवन ही अब एसएमडीए का भी केंद्रीय मुख्यालय बनेगा। इस बैठक में कुल पांच महत्वपूर्ण विकास एजेंडों को हरी झंडी दी गई, जो 'स्मार्ट सोनीपत' की अवधारणा को साकार करने में निर्णायक भूमिका निभाएंगे। बैठक में डिप्टी सीईओ वीना हुड्डा, नगर निगम कमिश्नर हर्षित कुमार, तथा दोनों विभागों के इंजीनियरिंग विंग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक का सबसे महत्वपूर्ण एजेंडा नए कार्यालय भवन का बंटवारा रहा। विस्तृत चर्चा के बाद यह तय हुआ कि सेक्टर-3 में बन रही पांच मंजिला अत्याधुनिक इमारत को नगर निगम और एसएमडीए संयुक्त रूप से उपयोग करेंगे। दोनों विभागों को ढाई-ढाई फ्लोर आवंटित किए जाएंगे। इस संयुक्त मुख्यालय की स्थापना का मुख्य उद्देश्य विकास योजनाओं पर त्वरित निर्णय लेना है। दोनों विभागों की फाइलिंग, इंजीनियरिंग, प्लानिंग और प्रशासनिक टीमें एक ही स्थान पर बैठकर कार्य करेंगी, जिससे समन्वय बढ़ेगा और परियोजनाओं पर मुहर लगाने में लगने वाला समय कम होगा। इसके साथ ही, एक दूरगामी प्रस्ताव भी पारित किया गया। यदि भविष्य में स्थान की कमी होती है, तो संबंधित अधिकारियों को आसपास की भूमि खरीदने और अतिरिक्त भवन बनाने की संभावना पर रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं।




### कंट्रोल एंड कमांड सेंटर को मिलेगी गति

शहर को स्मार्ट सिटी की दिशा में ले जाने वाले इंटीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर (आईसीसीसी) परियोजना को रफ्तार देने पर भी सहमति बनी। यह सेंटर शहर की सुरक्षा, निगरानी और प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। सेंटर के लिए सलाहकार (कंसल्टेंट) की नियुक्ति पहले ही हो चुकी है। अब यह सलाहकार स्मार्ट निगरानी, कुशल ट्रैफिक प्रबंधन, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, पार्किंग व्यवस्था और आपदा नियंत्रण जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर एक विस्तृत टेक्निकल प्लान तैयार करेगा। यह तकनीकी रिपोर्ट अगली बैठक में प्रस्तुत की जाएगी, जिसके बाद आईसीसीसी के निर्माण कार्य को मंजूरी मिलेगी। इस सेंटर के शुरू होने से शहर की कानून व्यवस्था और यातायात प्रणाली दोनों में सुधार आने की उम्मीद है।

### छह मास्टर सड़कों की जिम्मेदारी एसएमडीए को सौंपी

बैठक के पांचवें एजेंडे में शहर के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए एक प्रशासनिक हस्तांतरण का निर्णय लिया गया। सोनीपत शहर की 6 प्रमुख मास्टर सड़कों को अब एसएमडीए को हस्तांतरित किया जाएगा। अब इन सड़कों की मरम्मत, चौड़ीकरण, डिवाइडर का निर्माण, स्ट्रीट लाइटिंग, जल निकासी सुधार (ड्रेनेज) और सौंदर्यीकरण का पूरा कार्य एसएमडीए द्वारा किया जाएगा। प्राधिकरण जल्द ही इन सड़कों के लिए विस्तृत योजना (डीपीआर) तैयार कर निर्माण कार्य शुरू करेगा।

### सीवरेज सिस्टम का होगा विस्तार दो एकड़ भूमि में बनेगा एसटीपी

सीवरेज और अपशिष्ट प्रबंधन को मजबूत करने के लिए एक बड़ा फैसला लिया गया। नगर निगम के पास देवडू गांव में उपलब्ध लगभग 2 एकड़ जमीन पर एक नया 4 एमएलडी (मिलियन लीटर प्रतिदिन) क्षमता का सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। यह नया एसटीपी उन क्षेत्रों के लिए वरदान साबित होगा, जहां से अपशिष्ट सीधे नालों में गिरता है या मौजूदा दूरस्थ प्लांटों तक भेजने में समस्या आती है। पहले मुरथल स्थित 3.5 एमएलडी एसटीपी के विस्तार की योजना थी, लेकिन जगह की कमी के कारण उसे रद्द कर दिया गया।

### पेयजल समस्या होगी दूर

पेयजल संकट से जूझ रहे राई और लिवान गांवों के लिए भी महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। इन गांवों की पेयजल आपूर्ति को सुचारु बनाने के लिए एक नए बूस्टिंग स्टेशन के निर्माण को मंजूरी दी गई है। यह स्टेशन राई और लिवान के बीच उस स्थान पर बनेगा, जहां जनस्वास्थ्य विभाग पहले से ही एक जल शोधन प्लांट स्थापित कर रहा है। इसके लिए अतिरिक्त जमीन भी अधिग्रहित की जाएगी। इस बूस्टिंग स्टेशन के बनने से यमुना नदी से इन दोनों गांवों और आस-पास के औद्योगिक क्षेत्रों में निर्बाध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी, जिससे पानी की कमी की समस्या का स्थायी समाधान होगा।

शादी समारोह से लौट रहे थे गढ़ी बिंदरौली के पास हादसा

# अनियंत्रित बाइक पेड़ से टकराई दो युवकों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

गांव गढ़ी बिंदरौली के पास देर रात हुए सडक़ हादसे में बाइक के अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराने से दो साथियों की मौत हो गई। वह शादी समारोह में शामिल होने के बाद गांव लौट रहे थे। पुलिस ने नागरिक अस्पताल में शवों का पोस्टमार्टम कराया।

अंकित व हिमांशु दोनों गहरे दोस्त थे पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा

गांव गढ़ी बिंदरौली के रहने वाले अंकित (24) व हिमांशु (25) दोनों दोस्त थे। शुक्रवार रात को दोनों बीसवां मील के पास स्थित गार्डन में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने गए थे। शादी में शामिल होकर वह दोनों देर रात बाइक पर सवार होकर गांव लौट रहे थे। ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने हेलमेट लगा रखा था। जब वह गांव गढ़ बिंदरौली से पहले गैस एजेंसी के गोदाम के निकट पहुंचे तो उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई। बाइक सडक़ किनारे सफेदा के पेड़ से टकरा गई। टक्कर जोरदार होने के चलते दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से दोनों को नागरिक अस्पताल में ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई।

### ये बोले पुलिस अधिकारी

मामले की सूचना कुंडली थाना की बारोटा चौकी पुलिस को दी गई। सूचना के बाद जांच अधिकारी संजय सिंह ने नागरिक अस्पताल में शवों को कब्जे में ले लिया। पुलिस के अनुसार हादसा बाइक के अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराने के चलते हुआ है। ऐसे में इत्तेफाकिया मौत की कार्रवाई करते हुए शवों का पोस्टमार्टम कराया है।

न्यू कॉलोनी में दूषित पेयजल सप्लाई से लोग भड़के

# लोग बोले- छह माह से साफ पानी के लिए तरस रहे, निगम कार्यालय के बाहर की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

शहर की न्यू कॉलोनी में दूषित पेयजल की आपूर्ति को लेकर लोगों का धैर्य शनिवार को जवाब दे गया। छह महीने से साफ पानी के लिए तरस रहे कॉलोनीवासियों ने नगर निगम कार्यालय के सामने एकजुट होकर जोरदार प्रदर्शन किया और निगम प्रशासन पर उनकी अनदेखी करने का गंभीर आरोप लगाया। कॉलोनी के लोगों का कहना है कि उन्हें मजबूरन पीने का पानी खरीदकर इस्तेमाल करना पड़ रहा है, जबकि नगर निगम उनकी मूलभूत समस्या पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि यह समस्या पिछले छह महीने से बनी हुई है, लेकिन अधिकारियों को बार-बार शिकायत दिए जाने के बावजूद उनकी परेशानी को नजरअंदाज किया जा रहा है। न्यू कॉलोनी वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान रामनिवास शर्मा ने अपनी पीड़ा बताते हुए कहा कि कॉलोनी में लगातार दूषित पानी आ रहा है।



### शिकायत दो दिन पहले ही मिली है, जांच करवा रहे : सहायक अभियंता

इस पूरे मामले पर नगर निगम के सहायक अभियंता अमित कुमार ने अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि न्यू कॉलोनी में दूषित पानी की आपूर्ति की शिकायत दो दिन पहले ही मिली है। अधिकारी पेयजल लाइन की जांच करवा रहे हैं। उन्होंने कॉलोनीवासियों को आश्वासन दिया कि उनकी समस्या का जल्द ही समाधान कर दिया जाएगा, जिसके बाद उन्हें किसी तरह की परेशानी नहीं होने दी जाएगी।

# सिनद फिर बने अग्निशमन यूनियन के राज्य प्रधान



**सोनीपत।** हरियाणा अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन के राज्य स्तरीय प्रतिनिधि सम्मेलन के दौरान राजेंद्र सिनद को लगातार दूसरी बार राज्य प्रधान निर्वाचित किया गया। रेलवे रोड स्थित नगर निगम कार्यालय में सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेशभर के कर्मचारी शामिल हुए। सम्मेलन की अध्यक्षता नगरपालिका कर्मचारी संघ के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री ने की। इस दौरान हरियाणा अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन की राज्य कमेटी का चुनाव तीन वर्ष के लिए करवाया गया। इसमें सर्वसम्मति से राजेंदर सिनद को लगातार दूसरी बार राज्य प्रधान चुना गया। साथ ही गुलशन भारद्वाज को महासचिव, सुखदेव सिंह को कोषाध्यक्ष, राजीव खत्री को वरिष्ठ उपप्रधान, देविंद्र लोहान को उप महासचिव चुना गया । सम्मेलन में मुख्य रूप से नगरपालिका कर्मचारी संघ के राज्य वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश तुषामड , महासचिव मांगे राम तिगरा, उप महासचिव सुनील चिंडालिया, शारदा देवी, मुख्य संगठनकर्ता शिवचरण, सीआईटीयू के नेता सिलक राम मलिक, सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान देशराज नैन, सचिव सुनीलदत्त, पूर्व सचिव जयभगवान दहिया व अन्य मौजूद रहे।

# संशोधित आयकर रिटर्न दाखिल की अंतिम तिथि बढ़ाने की मांग

**गोहाना।** शनिवार को टैक्स बार एसोसिएशन की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष दिनेश तनेजा ने की और संचालन सचिव सीए हिमांशु रंग द्वारा किया गया। बैठक में यह चर्चा की गई कि वित्त वर्ष 2024-25 के लिए जीएसटीआर-9 तथा जीएसटीआर 9सी दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2025 है। चूंकि इन फार्मों में नवंबर माह में बदलाव किए गए हैं, जिस कारण करदाताओं और पेशेवरों को समय पर कार्य पूरा करने में कठिनाई हो रही है। इसलिए एसोसिएशन ने अनुरोध किया कि अंतिम तिथि को 31 जनवरी 2026 तक बढ़ाया जाए।

साथ ही यह भी उल्लेख किया गया कि वित्त वर्ष 2024-25 की संशोधित आयकर रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2025 है। बैठक में एसोसिएशन के सदस्य एडवोकेट नरेंद्र गुप्ता, एडवोकेट शीश पाल गोयल, एडवोकेट नितिन गोयल, एडवोकेट मनदीप सैनी, एडवोकेट सुमित मित्तल, एडवोकेट बलराज राठी, एडवोकेट अंकित, सीए करमबीर लठवाल, सीए नवीन गर्ग और एडवोकेट योगेश रहेजा उपस्थित रहे।

### नप तीन गलियों को इंटरलाक टाइलों से पक्का करेगी

**गोहाना।** नगर परिषद (नप) द्वारा शहर के वार्ड 16 में तीन गलियों को इंटरलाक टाइलों से पक्का बनाया जाएगा। नगर परिषद की अध्यक्ष रजनी इंद्रजीत विरमानी ने बतौर मुख्य अतिथि शिलान्यास किया। नप द्वारा इन विकासकार्यों पर लगभग 15 लाख रुपए का बजट निर्धारित किया गया है। निर्माण पूरा होने पर गलियों में बेहतर सुविधाएं, सुचारु आवाजाही और मजबूत आधारभूत ढांचा उपलब्ध होगा। इससे लोगों को फायदा होगा। निकासी की भी उचित व्यवस्था की जाएगी। अध्यक्ष विरमानी ने कहा कि नगर परिषद का उद्देश्य हर वार्ड में समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण विकास कार्य कराना है।

उत्तर रेलवे का इंजीनियरिंग कार्य यात्रियों के लिए बना चुनौती

फिरोजपुर मंडल में इंटरलॉकिंग कार्य के चलते कई ट्रेनों का परिचालन प्रभावित

# शान-ए-पंजाब रद, दादर और मालवा एक्सप्रेस घंटों विलंब से चलेंगी, अन्य गाड़ियां भी प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

सोनीपत उत्तर रेलवे मंडल द्वारा पंजाब में किए जा रहे महत्वपूर्ण इंजीनियरिंग कार्य के चलते दिल्ली-सोनीपत-अमृतसर रेल मार्ग पर यात्रियों की परेशानी बढ़ने वाली है। फिरोजपुर मंडल के साहनेवाल और अमृतसर खंड में गोराया स्टेशन पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग और सिग्नल गियर बदलने के काम के कारण, दिल्ली-अमृतसर रूट की महत्वपूर्ण शान-ए-पंजाब एक्सप्रेस (अप और डाउन दोनों) का परिचालन 16 दिसंबर को पूरी तरह रद्द रहेगा। इसके अलावा, दो अन्य प्रमुख एक्सप्रेस ट्रेनें भी दिसंबर के मध्य में विलंब से चलेंगी, जिससे यात्रियों को संभावित रूप से बड़ी असुविधा का सामना करना पड़ सकता है।

उत्तर रेलवे ने स्पष्ट किया है कि संरक्षा (सुरक्षा) संबंधी इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए 16 दिसंबर को नई दिल्ली से अमृतसर के बीच चलने वाली शान-ए-पंजाब एक्सप्रेस का संचालन पूरी तरह से निलंबित रहेगा। यह ट्रेन सोनीपत स्टेशन पर सुबह 7:20 बजे (अमृतसर जाने वाली) और रात 9:18 बजे (दिल्ली जाने वाली) निर्धारित है। दोनों दिशाओं में इसका परिचालन रद्द होने से दिल्ली, सोनीपत और अंबाला रूट पर यात्रा करने वाले सैकड़ों दैनिक यात्री और लंबी दूरी के मुसाफिर प्रभावित होंगे।

### ट्रेनों की नवीनतम स्थिति से अपडेट रहे यात्री

दिल्ली-अंबाला रेल खंड पर एक प्रमुख एक्सप्रेस ट्रेन (शान-ए-पंजाब) का रद्द होना और दो अन्य लंबी दूरी की ट्रेनों का घंटों देरी से चलना, विशेषकर हरियाणा और उत्तर प्रदेश से पंजाब और जम्मू रूट पर आवागमन करने वाले यात्रियों के लिए बड़ी परेशानी का सबब बनेगा। यात्रा की योजना बना चुके यात्रियों को अब अपनी वैकल्पिक व्यवस्थाएं करनी पड़ेंगी या उन्हें विलंब के लिए तैयार रहना होगा। रेलवे ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि वे 14 और 16 दिसंबर को अपनी यात्रा शुरू करने से पहले ट्रेनों की नवीनतम स्थिति की जानकारी प्राप्त कर लें, ताकि उन्हें किसी भी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके।



### इन ट्रेनों के समय में बदलाव

दो प्रमुख लंबी दूरी की एक्सप्रेस ट्रेनों के परिचालन समय में भी बदलाव किया गया है, जिसके कारण यात्रियों को घंटों तक स्टेशनों पर इंतजार करना पड़ सकता है। दादर एक्सप्रेस (छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस - अमृतसर): यह ट्रेन 14 दिसंबर को अपनी यात्रा के दौरान विभिन्न मंडलों में कुल 2 घंटे 20 मिनट की देरी से संचालित होगी। रेलवे के अनुसार, इस ट्रेन को दिल्ली और अंबाला मंडल में 40-40 मिनट और फिरोजपुर मंडल में 1 घंटे तक की देरी से रोककर चलाया जाएगा। मालवा एक्सप्रेस (कटरा - डॉ. आंबेडकर नगर): कटरा से चलने वाली यह ट्रेन 16 दिसंबर को कुल 1 घंटा 25 मिनट विलंब से चलेगी। इस दौरान ट्रेन को जम्मू मंडल में 40 मिनट और फिरोजपुर मंडल में 45 मिनट की देरी से रोककर चलाया जाएगा।

### यहां चल रहा काम

रेलवे अधिकारियों के अनुसार, साहनेवाल और अमृतसर खंड के गोराया स्टेशन पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली और सिग्नल गियर को आधुनिक बनाने का कार्य किया जा रहा है। यह कार्य ट्रेनों के सुरक्षित और सुचारु संचालन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, जो भविष्य में ट्रेन संचालन की गति और सुरक्षा को बढ़ाएगा।

पुलिस उपायुक्त ने किया इंटरस्टेट व शहर एरिया के नाकों का औचक निरीक्षण

# ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों को सतर्कता बढ़ाने, रैंडम चेकिंग व आमजन से विनम्र व्यवहार करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

सोनीपत में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए पुलिस प्रशासन सक्रिय है। शुक्रवार को पुलिस उपायुक्त पश्चिमी जोन कुशल पाल सिंह तथा सहायक पुलिस आयुक्त शहर जीत सिंह ने जिले के इंटरस्टेट तथा शहर क्षेत्र के विभिन्न नाकों का औचक निरीक्षण किया। अधिकारियों ने झिंझोली, फिरोजपुर बांगर सहित अन्य बॉर्डर और अंदरूनी एरिया में लगाए गए नाकों पर पहुंचकर सुरक्षा प्रबंध, वाहनों की चेकिंग प्रक्रिया और ड्यूटी प्वाइंट की तैनाती का विस्तार से जायज़ा लिया। निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों से बातचीत करते हुए उन्हें सुरक्षा के प्रति सतर्कता बढ़ाने, संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों पर विशेष निगरानी रखने और समय-समय पर रैंडम चेकिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इंटरस्टेट बॉर्डर, शहर थाना क्षेत्र और सदर थाना क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को सुचारू रखने में नाकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसलिए सभी कर्मचारी अपनी ड्यूटी पूरी जिम्मेदारी, गंभीरता और सजगता के साथ निभाएं।



### संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखें

अधिकारियों ने यह भी स्पष्ट किया कि चेकिंग के दौरान आम नागरिकों से विनम्र और सम्मानजनक व्यवहार बनाए रखना पुलिस की प्राथमिकता होनी चाहिए, ताकि सुरक्षा व्यवस्था के साथ जनसहयोग भी मजबूत बने। उन्होंने ड्यूटी प्वाइंट पर उपलब्ध सुविधाओं, प्रकाश व्यवस्था, स्टैंडिंग पोजीशन, रिकॉर्ड मेंटेनेंस तथा अन्य सुरक्षा उपायों की भी समीक्षा की और जहां जरूरत पाई गई, वहां आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने पुलिसकर्मियों को मौसम के बदलते मिजाज को देखते हुए भी विशेष सतर्कता बरतने की सलाह दी, ताकि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि को तुरंत रोका जा सके।

## संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस मनाया

# बाबा साहेब सामाजिक न्याय व समानता के अग्रदूत थे: नरवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

शनिवार को शहर में रोहतक-पानीपत मार्ग स्थित भीमराव आंबेडकर चौक में संविधान निर्माता ड. भीमराव आंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा और हरियाणा आंबेडकर संघर्ष समिति ने किया। बरोदा से विधायक इंदुराज नरवाल ने कहा कि डा. अंबेडकर सामाजिक न्याय और समानता के अग्रदूत थे। उनका लक्ष्य सिर्फ राजनीतिक लोकतंत्र नहीं बल्कि एक सामाजिक लोकतंत्र बनाना था। पूर्व मंत्री जगबीर सिह मलिक ने कहा कि डा. आंबेडकर भारतीय बहुज्ञ, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ, लेखक और महान समाज सुधारक थे। उन्होंने भारतीय संविधान बनाते समय सभी नागरिकों की समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व के सिद्धांतों को सर्वोपरि रखा। दूसरी तरफ एससी महासभा द्वारा भी डा. आंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस मनाया। समारोह में अध्यक्ष ओमप्रकाश मेहरा, राममेहर मान, धर्मबीर मदीना, अशोक बामनिया, जगदीश राय मदीना, सतीश उरलाना, प्रेम सिंह धानिया, भीम सिंह, दलबीर राठी, मदनलाल शर्मा, सूबेदार भीम सिंह और बिजेंद्र चहल ने डा. अंबेडकर को नमन किया।



गोहाना। डा. भीमराव अंबेडकरको नमन करते विधायक जगबीर सिंह मलिक व विधायक इंदुराज नरवाल व एससी महासभा के सदस्य। फोटो :हरिभूमि



### बाबा साहेब को किया नमन



*सोनीपत। भारत रत्न बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर के 69वे महापरिनिर्वाण दिवस में अम्बेडकर पार्क सोनीपत में कांग्रेस के पूर्व सचिव डा. सत्यवीर निर्माण ने अपने साथियों के साथ डॉ भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर फूल मलाएं अर्पित कर उनको नमन किया। डा. निर्माण ने बताया कि बाबा साहेब ने भारतीय संविधान के शिल्पकार महान समाज सुधारक एवं विधिवेत्ता, भारत रत्न बाबा साहबे डॉ. भीमराव अम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर उनको देश ही नहीं विदेशों में नमन किया गया। बाबा साहेब ने अपना जीवन दलितों पिछड़े वर्ग व महिलाओं और मजदूरों के हक व उत्थान के लिए समर्पित कर दिया। इस अवसर पर हंसराज प्रधान, कृष्ण कुमार, डा. राजबीर तुर, एडवोकेट राहुल निर्माण, राजेन्द्र, राजेश, राशिल सिंह, बिजेन्द्र, रत्न सिंह भाटिया आदि मौजूद रहे।*

### राजकीय विद्यालय में बाबा साहेब को किया याद

सोनीपत। राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय माडल टाउन में शनिवार को डॉ. अम्बेडकर के परिनिर्वाण दिवस के मौके पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मुख्य वक्ता जोगिंद्र नरवाल ने बाबा साहेब के जीवन पर प्रकाश डाला। इस मौके पर विद्यालय प्राचार्य संजीव दहिया, जिला एनएसएस कोर्डिनेटर पवन, विनोद, निकेंद्र, डॉ. आनंद, नीरज, पूजा, गीता और विनती आदि मौजूद रहे।

### हर वर्ग को समान अधिकार बाबा साहेब की देन



गन्नौर। संत गुरू रविदास सेवा समिति द्वारा संविधान दिवस व बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर का 70 वां महा परिनिर्वाण दिवस रविदास मन्दिर में मनाया गया। मंच संचालन अजय समभरवाल ने किया। जिसमें समिति के प्रधान रणधीर सिंह, पूर्व प्रधान दयान्नद अहलावत, श्याम प्रकाश किलसन,कर्मबीर भाटिया आदि ने बाबा साहेब के दिखाए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। पूर्व प्रधान दयान्नद अहलावत ने कहा कि संविधान निर्माता, सामाजिक न्याय के पुजारी और दलित, शोषित एवं वंचित वर्गों के मसीहा डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के महापरिनिर्वाण दिवस पर उन्हें नमन करते हैं। बाबा साहेब ने अपनी असाधारण बुद्धि, दूरदर्शिता और अथक संघर्ष के बल पर समाज के हर वर्ग को समान अधिकार दिलाने के लिए ऐतिहासिक कार्य किए। उन्होंने हमें संविधान के रूप में एक ऐसा मजबूत दस्तावेज प्रदान किया जो प्रत्येक नागरिक को न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व का अधिकार देता है।

# सड़क हादसों में दो युवकों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत!

शहर में अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं ने दो परिवारों पर गमों का पहाड़ तोड़ दिया है। कामी रोड पर तेज रफ्तार ऑटो की टक्कर से एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जबकि नौ दिन पहले हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए एक यूट्यूबर ने पीजीआई रोहतक में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। दोनों मामलों में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और शवों का पोस्टमार्टम कराया गया है।

पहला हादसा कामी रोड पर हुआ। गांव भूर्री निवासी अनिल ने सिविल लाइन थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है कि वह अपने भाई विजय के साथ रात करीब 8 बजे शहर से गांव लौट रहे थे। जब वे कामी रोड पर गोशाला से आगे पहुँचे, तो सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार ऑटो ने विजय की बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद विजय सड़क पर गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। अनिल ने तुरंत विजय को नागरिक अस्पताल पहुंचाया, जहां से उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। कई निजी अस्पतालों में रेफर किए जाने के बाद अंततः विजय की मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात ऑटो चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### उपचार के दौरान यूट्यूबर ने तोड़ा दम

*दूसरा दुखद मामला गांव रोहट निवासी यूट्यूबर भीम से जुड़ा है, जो 26 नवंबर की रात हुए हादसे में घायल हो गए थे। सदर थाना में दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, भीम अपने दो दोस्त जॉनी (थाना खुर्द निवासी) और साहिल (फतेहपुर निवासी) को बाइक से छोड़कर लौट रहे थे। लौटते समय फतेहपुर फ्लाईओवर के नीचे किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी थी, जिससे भीम गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घायल भीम को रोहतक पीजीआई में भर्ती कराया गया था, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। भीम पिछले करीब एक दशक से गाने बनाकर सोशल मीडिया पर डालते थे और अपनी रचनाएं कंपनियों को भी बेचते थे। उनके परिवार में माता-पिता, भाई, तीन बहनें, पत्नी और पांच साल का एक बेटा है। पुलिस ने इस मामले में भी आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।*

### नगरपालिका में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आज

गन्नौर। शहर की नगरपालिका परिसर में रविवार को गन्नौर प्रेस एसोसिएशन, भारत विकास परिषद व लायंस क्लब द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी भारत विकास परिषद के शाखाध्यक्ष संदीप सिंघल व लायंस क्लब के अध्यक्ष गौरव त्यागी ने संयुक्त रूप से दी। उन्होंने बताया कि शिविर में शुगर, बीपी, एचबी, कैल्शियम व कोलेस्ट्रोल की जांच की जाएगी। शिविर का शुभारंभ भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली द्वारा किया जाएगा। रक्तदाताओं को सर्दी से बचाव के लिए गर्म टोपी व ग्लव्स सम्मान सम्मान रूवरूप भेंट की जाएंगी। रक्तदाताओं से बढ़ चढ़ कर रक्तदान करने की अपील की।

*अनधिकृत पार्किंग कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी*

## गन्नौर पुलिस थाना को पार्किंग स्थल बनाने वाले चालकों के काटे चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

- बेतरतीब तरीके से खड़े किए वाहनों के कारण थाना परिसर में आवाजाही बाधित

वाहन चालक इन दिनों गन्नौर पुलिस थाना को पार्किंग स्थल की तरह प्रयोग कर रहे हैं। बेतरतीब तरीके से खड़े किए गए वाहनों के कारण शनिवार को थाना परिसर में आवाजाही बाधित हो गई। हालात ऐसे बने कि कई गाडियां अंदर फंसकर वहीं खड़ी रह गईं और पुलिसकर्मियों को कामकाज में भी परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थिति बिगड़ते देख थाना पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की। पुलिस टीम ने अवैध रूप से खड़े वाहनों के रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर मालिकों की पहचान की और उन्हें थाना बुलाकर वाहन हटवाए और अवैध रूप से थाना में वाहनों की पार्किंग करने पर चालान भी काटे। थाना प्रभारी धीरज कुमार ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि थाना परिसर या इसके आसपास अनधिकृत पार्किंग कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने वाहन चालकों से नियमों का पालन करने और जरूरी काम के नाम पर सड़क या थाने के बाहर अवरोध पैदा न करने की अपील की।

# ठंड से जूझ रहे लाचार, बेघर लोगों को कंबल और गर्म कपड़े वितरित किए

- ठंड में सिकुड़ रहे जरुरतमंदो के लिए सोनीपत पुलिस बनी सहारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

पुलिस ने मानवीय संवेदनाओं का उदाहरण पेश करते जरूरतमंदों की मदद को आगे कदम बढ़ाया। ओल्ड चौकी इंचार्ज उप निरीक्षक रोहित कुमार के नेतृत्तव में गठित टीम ने सोनीपत के शनि मंदिर क्षेत्र में सड़क किनारे और खुले स्थानों पर ठंड से जूझ रहे लाचार, बेघर और मजदूर तबके के लोगों को कंबल और गर्म कपड़े वितरित किए। वहीं थाना सेक्टर 27 द्वारा सेक्टर 15 स्थित कुष्ठ आश्रम में कंबल वितरित किए गए।



कंबल का वितरण करते हुए ओल्ड चौकी इंचार्ज उप निरीक्षक रोहित कुमार। फोटो : हरिभूमि

### संभावित सहायता का भरोसा

ओल्ड चौकी पुलिस टीम ने विशेष तौर पर उन स्थानों का दौरा किया जहां रात के समय लोग कड़ाके की ठंड में बिना किसी सुविधा के खुले आसमान के नीचे बैठने को मजबूर थे। पुलिस प्रवक्ता रविन्द्र सिंह ने बताया कि मानवता और सेवा पुलिस विभाग की कार्य-संस्कृति का अहम हिस्सा है। उन्होंने कहा कि पुलिस का काम केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखना ही नहीं, बल्कि समाज के कमजोर वर्गों की पीड़ा को समझते हुए उनकी हरसंभव सहायता करना भी हमारी जिम्मेदारी है। कंबल वितरण के दौरान पुलिस अधिकारियों ने जरूरतमंदों से उनकी मूलभूत समस्याओं के बारे में भी जानकारी ली और संभावित सहायता का भरोसा दिलाया।

### दून पब्लिक स्कूल के बच्चों ने कक्षा शो में दिया पृथ्वी संरक्षण का संदेश




गोहाना। पानीपत मार्ग स्थित दून पब्लिक स्कूल में शनिवार को प्री-प्राइमरी वर्ग द्वारा धरती की लय थीम पर क्लास शो का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने पृथ्वी संरक्षण का संदेश दिया। मुख्य अतिथि एसके भारद्वाज एवं श्रीमती कृष्णा भारद्वाज रहे। कार्यक्रम का नेतृत्व स्कूल के एमडी राजेश कुमार ने किया।कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों के माध्यम से प्रकृति से जुडने, उसे सुरक्षित रखने तथा पृथ्वी को खुशहाल बनाने का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने दर्शाया कि पहले हमारी पृथ्वी कितनी खुश थी, लेकिन मानव गतिविधियों ने धीरे-धीरे इसे नुकसान पहुंचाना शुरू कर दिया। प्राचार्या ज्योति छाबड़ा ने बच्चों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि छोटी उम्र में प्रकृति-प्रेम का संस्कार देना ही भविष्य को सुरक्षित बनाने का सबसे सशक्त माध्यम है। समारोह में अतिथियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया।

### ब्राइट स्कॉलर स्कूल के विनायक, समीप, अन्नी ने बेहतर प्रदर्शन की बदौलत स्वर्ण पदक जीता



ब्राइट स्कॉलर स्कूल में विजेता विद्यार्थियों के साथ प्राचार्या एवं अन्य।

सोनीपत। ब्राइट स्कॉलर स्कूल के ताइक्वांडो के छात्रों का चयन राष्ट्रीय स्तर के लिए किया गया है। नवंबर में हुई राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में इन छात्रों ने अपना शानदार प्रदर्शन किया था। प्रताप स्कूल में हुई इस प्रतियोगिता में अनेक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। ब्राइट स्कॉलर स्कूल से विनायक, समीप, अन्नी ने बेहतर प्रदर्शन की बदौलत स्वर्ण पदक पर कब्जा किया था। अपने अपने आयु वर्ग में तीनों ने गोल्ड मैडल जीतकर ये दिखा दिया कि लगन अगर सच्ची हो तो मंजिल मिलनी आसान लगती है। विद्यालय प्राचार्या डॉ. किरण दलाल ने विजेताओं को बधाई दी और कहा कि इन बच्चों ने अपने कड़ी मेहनत से ये मुकाम हासिल किया है। उन्होंने कोच योगेश के प्रयासों की भी प्रशंसा की।

### जेबीएच स्कूल में निबंध लेखन प्रतियोगिता का किया आयोजन



विजेता विद्यार्थियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित करते सुमन दहिया।

खरखौदा। दिल्ली मार्ग स्थित जेबीएच स्कूल में निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा छठी से कक्षा आठवीं तक के बच्चों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने गणतंत्र दिवस पर निबंध लिखा। इस प्रतियोगिता में कक्षा आठवीं से सिंपी ने प्रथम , कक्षा छठी से जतिन ने द्वितीय और कक्षा सातवीं से हर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर प्रधानाचार्या सुमन दहिया ने विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया। इस मौके पर अध्यापक कविता पांचाल, पूजा दहिया, मनजीत दहिया ,कविता गर्ग , प्रीति दहिया, मंजू दहिया, ज्योति बरेजा, अचित्रा पंवार, ज्योति शर्मा आदि मौजूद रहे।

### कल्पना स्कूल का लीगल लिटरेसी में उत्कृष्ट प्रदर्शन

खरखौदा । कल्पना चावला विद्यापीठ के विद्यार्थियों ने खंड स्तरीय लीगल लिटरेसी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में स्लोगन राइटिंग में अनुष्का ने प्रथम, क्विज प्रतियोगिता में मानवी, खुशी, तनिषा ने तृतीय, स्किट प्रतियोगिता में दिक्षा एवं उनकी टीम ने तृतीय, पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन में विदित ने द्वितीय, डॉक्यूमेंट्री फिल्म निर्माण में निशु ने द्वितीय, कविता वाचन में भूमिका, वाद-विवाद में दिव्या, तानिया ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय पहुँचने पर सभी विजेता विद्यार्थियों तथा उनके तैयारीकर्ता शिक्षकों प्रीति,सुमन, ज्योति, वनीषा, दिव्या, शीतल और रूबीना का स्वागत किया गया।

# आचार्य व्यक्तित्व विकास शिविर संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

झिंझोली गांव स्थित सूर्या साधना स्थली में सूर्या फाउंडेशन द्वारा संचालित आदर्श गांव योजना के अंतर्गत 15 दिवसीय आचार्य व्यक्तित्व विकास शिविर का शनिवार को समापन हो गया। इस शिविर में 10 राज्यों से आए 51 युवक युवतियों ने भाग लिया। समापन समारोह में विधायक पवन खरखौदा मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व मेजर अनीता, सेवा भारती विभाग संयोजक समुन्दर, संस्था के ट्रस्टी कामेश्वर शामिल रहे। कार्यक्रम में शिविरार्थियों का मार्गदर्शन संस्था के वाइस चेयरमैन वेद द्वारा किया गया। सभी अतिथियों व ग्रामीणों का स्वागत प्रमोद आसरे द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि विधायक पवन खरखौदा ने कहा कि युवाओं का समग्र विकास अनुशासन, साधना और निरंतर प्रशिक्षण से ही संभव है। किसी भी क्षेत्र में निस्वार्थ भावना से किया गया कार्य कभी व्यर्थ नहीं जाता है। उन्होंने शिविर को आत्म-विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। पूर्व मेजर अनीता ने विशेष रूप से महिलाओं को आत्मनिर्भर, सक्षम एवं सशक्त बनने पर बल देते हुए प्रोत्साहित किया।




विजेताओं को सम्मानित करते विधायक पवन खरखौदा।

### जनसुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते त्वरित और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए: कुशल सिंह



सोनीपत। के पश्चिमी जोन में पुलिस उपायुक्त कुशल सिंह ने शनिवार को ऑपरेशन हॉटस्पॉट डॉमिनेशन की प्रगति और प्रभावशीलता की समीक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण गोष्ठी आयोजित की। बैठक में पश्चिमी जोन के सहायक पुलिस आयुक्त, थाना प्रभारियों और चौकी इंचार्जों ने हिस्सा लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में अपराध नियंत्रण और पुलिसिंग को और सुदृढ़ करना रहा। समीक्षा के दौरान पुलिस उपायुक्त ने सभी अधिकारियों से अपने-अपने क्षेत्रों में नाकेबंदी, गश्त, हॉटस्पॉट क्षेत्रों की कॉम्बिंग, संदिग्ध गतिविधियों पर निगरानी और लंबित मामलों के निपटान की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। निर्देश दिया कि जनसुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते त्वरित और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही हर अधिकारी को ऑपरेशन के तहत चिन्हित क्षेत्रों में विशेष मॉनिटरिंग बढ़ाने के निर्देश दिए गए। पुलिस उपायुक्त कुशल सिंह ने कहा कि ऑपरेशन हॉटस्पॉट डॉमिनेशन का उद्देश्य असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखते रात गश्त को मजबूत करना है।

### केंद्र -राज्य सरकार मजदूर व किसानों से जुड़े हितों की लगातार उपेक्षा कर रही : सुनीता



गन्नौर। सीएचसी गन्नौर व हलालपुर की आशा वर्कर्स की बैठक शनिवार को लहरी पार्क में आयोजित की गई। बैठक में राज्य प्रधान सुनीता और सीएचसी गन्नौर प्रधान मीना ने वर्कर्स की समस्याओं और मांगों पर विस्तृत चर्चा की। सुनीता ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारें मजदूर व किसानों से जुड़े हितों की लगातार उपेक्षा कर रही हैं। कई जनकल्याणकारी योजनाएं या तो बंद कर दी गई हैं या उन्हें कमजोर किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आईसीडीएस, मिड-डे-मील और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन जैसी योजनाओं में देशभर की 60 लाख से अधिक महिलाएं कार्यरत हैं, फिर भी सरकार इन्हें वर्कर के स्थान पर स्वयंसेवी मानकर सामाजिक सुरक्षा लाभों से वंचित रखती है। 2018 के बाद से मानदेय में वृद्धि न होना और श्रम संहिताओं का दबाव वर्कर्स की परेशानियों को बढ़ा रहा है। इन्हीं मांगों को लेकर आंगनबाड़ी, मिड-डे-मील और आशा वर्कर्स 6, 7 और 8 दिसंबर को करनाल, फरीदाबाद, हिसार और भिवानी में केंद्रीय मंत्रियों के आवासों पर तीन दिवसीय महापड़ाव करेंगी। सरकार से 26 हजार रुपये न्यूनतम वेतन, पेंशन, ग्रेच्युटी, एक्स-ग्रेशिया सहित सामाजिक सुरक्षा लाभ, परियोजनाओं के निजीकरण पर रोक और पर्याप्त बजट आवंटन की मांग की जाएगी।

# डिजिटल युग में तकनीक के साथ मानवीय मूल्यों को बनाए रखना आवश्यक : बड़ौली

- ऋषिकुल विद्यापीठ के वार्षिक समारोह में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बडौली ने शिरकत की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

ऋषिकुल विद्यापीठ सोनीपत में शनिवार को वार्षिक समारोह बड़े उत्साह और भव्यता के साथ आयोजित किया गया। इस वर्ष कार्यक्रम की थीम इवोल्व - द एआई ओडेसी "ह्यूमन इंटेलिजेंस—लर्निंग, अडॉप्टिंग एंड इवॉल्विंग विद एआई" रही, जिसके तहत मानव बुद्धि और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के समन्वय पर विशेष फोकस किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बडौली ने शिरकत की। विशिष्ट अतिथि निखिल मदान विधायक सोनीपत तथा देवेंद्र कौशिक वरिष्ठ भाजपा नेता कार्यक्रम में मौजूद रहे। सभी अतिथियों का स्वागत विद्यालय चेयरमैन एसके शर्मा ने पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह भेंट कर किया। मुख्य अतिथि मोहन लाल बडौली ने अपने संबोधन में कहा कि डिजिटल युग में विद्यार्थियों को तकनीक के साथ कदम से कदम मिलाते मानवीय मूल्यों को बनाए रखना आवश्यक है। समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, नाट्य-प्रदर्शन, तकनीकी मॉडल, एआई आधारित प्रोजेक्ट्स और विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से प्रतिभा का प्रभावी प्रदर्शन किया। निदेशक धीरज ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मकता, नवाचार और तकनीक की समझ को बढ़ावा देना है। आउटरीच डायरेक्टर अर्चना शर्मा के निर्देशन में तैयार प्रस्तुतियों की अभिभावकों ने प्रशंसा की।



**प्रतियोगिता** ग्लोबल पब्लिक स्कूल खानपुर कलां में दो दिवसीय वार्षिक खेलोत्सव

विजेताओं को एमडी पंकज जाले और प्राचार्या प्रीति ने पुरस्कृत किया

# 1600 मीटर दौड़ में शुभम दौड़े सबसे तेज दीक्षित ने द्वितीय, आर्यन ने तृतीय स्थान पाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

ग्लोबल पब्लिक स्कूल, खानपुर कलां में शनिवार को दो दिवसीय वार्षिक खेलोत्सव में खेल प्रतियोगिताओं के फाइनल मुकाबले हुए। विजेता घोषित विद्यार्थियों को स्कूल के एमडी पंकज जाले और प्राचार्या प्रीति शर्मा ने पुरस्कृत किया। खेलोत्सव में लडक़ों की 1600 मीटर दौड़ में शुभम ने प्रथम, दीक्षित ने द्वितीय और आर्यन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लड़कियों की 1000 मीटर दौड़ में साक्षी रिया और भूमिका क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। लडक़ों की 800 मीटर दौड़ में तनिष्क, दीक्षित और देव जबकि लड़कियों में अंशु, नैन्सी और ईशु क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। लडक़ों की 400 मीटर दौड़ में वंश प्रथम, देव द्वितीय और प्रीत तृतीय स्थान पर रहे। लड़कियों अंशु प्रथम, रिया द्वितीय और माही तृतीय स्थान पर रहीं। वार्षिक खेलोत्सव में सब प्रतियोगिताओं में विश्वास सदन ने प्रथम, प्रयास सदन ने द्वितीय तथा निश्चय सदन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।



गोहाना। विजेताओं को पदक प्रदान करे पुरस्कृत करते एमडी पंकज जाले।

### हिंदी श्रुतलेखन प्रतियोगिता में कियाना व नव्या अव्वल

*गोहाना। शहर में गुढ़ा रोड स्थित जेएलएन विद्यालय में शनिवार को प्राइमरी विंग के विद्यार्थियों के लिए हिंदी व अंग्रेजी भाषाओं की श्रुतलेखन प्रतियोगितां आयोजित की गई। प्रतियोगिता में कक्षा पहली से कक्षा पांचवीं तक के मेधावी विद्यार्थियों ने प्रतिभा का श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य भाषा ज्ञान के साथ व्याकरण की दृष्टि से शुद्ध व अशुद्ध शब्दावली की जानकारी देना था। श्रुतलेखन प्रतियोगिता के लिए सानिध्य विद्यालय की प्रबंधक कृष्णा शर्मा का रहा। अध्यक्षता विद्यालय के एमडी सुनील शर्मा और प्राचार्य डॉ. सचिन शर्मा ने की। संयोजन उप प्राचार्य सूरत शर्मा का रहा। परीक्षा में कक्षा पहली से हिंदी भाषा में कियाना, परीक्षा और रियान कक्षा दूसरी से नव्या, नीति और सौम्या, कक्षा तीसरी से दीपांशी अक्षत और वैभव, कक्षा चौथी से काव्या, रित और तन्वी, कक्षा पांचवीं से भविष्य, हिमांशी और ऋषभ क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। अंग्रेजी भाषा में कक्षा पहली से कियाना, रक्षित और सविया, कक्षा दूसरी से विधि, चिराग और अद्विक, कक्षा तीसरी से जीवन, प्रियांशी और लक्ष्य, कक्षा चौथी से मन, रिहान और विहान, कक्षा पांचवीं से नक्श, गगन और हिमांशी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल किया।*

## खबर संक्षेप



### विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**सोनीपत।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गढ़ी ब्राह्मणान में आज विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने विभिन्न वैज्ञानिक मॉडल, प्रोजेक्ट और नवाचारों का प्रदर्शन किया, जिनमें पर्यावरण संरक्षण, नवीकरणीय ऊर्जा, जल संरक्षण, रोबोटिक्स तथा डिजिटल तकनीक जैसे विषयों पर आधारित मॉडलों ने विशेष रूप से आकर्षित किया।

### किसानों ने बिल की प्रतियां जलाकर किया विरोध

**खरखौदा।** ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के सदस्यों ने ग्राम जटोला में किसानों के साथ मिलकर बिजली बिल 2023 और सीड्स बिल 2025 का जोरदार विरोध जताया। सांकेतिक तौर पर कॉपी जलाई। संगठन ने आम जनमानस से आंदोलन को और तेज करने की अपील की। यह प्रदर्शन देशभर में संगठन के आह्वान पर किया जा रहा है। संगठन के नेता कामरेड हंसराज राणा ने इन बिलों को "जनविरोधी" बताते हुए कहा कि ये आम जनता के हितों पर चोट करते हैं।

## दीवार निर्माण के लिए मकान खाली करने की कार्रवाई पर विवाद गहराया

# ज्ञान नगर बस्ती में रेलवे की तोड़फोड़ कार्रवाई टली, लोगों को मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

ज्ञान नगर बस्ती में रेलवे प्रशासन द्वारा शुक्रवार शाम मकानों पर चस्पा किए गए नोटिसों ने पूरे इलाके में हड़कंप मचा दिया। नोटिस में स्पष्ट लिखा था कि हाई स्पीड रेल परियोजना के तहत रेलवे लाइन के किनारे निर्माणाधीन सुरक्षा दीवार के लिए 6 दिसंबर सुबह 8 बजे तक संबंधित मकान खाली कर दिए जाएं, अन्यथा तोड़फोड़ की कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी। नोटिस लगते ही बस्ती में तनाव का माहौल बन गया और देर रात तक लोग चिंता में डूबे रहे। शनिवार सुबह जैसे ही रेलवे का बुलडोजर ज्ञान नगर बस्ती में पहुंचा, लोगों में अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने इसे अचानक की गई सख्त कार्रवाई बताते हुए विरोध जताया और नगर निगम मेयर राजीव जैन को मौके पर बुलाने की मांग की। स्थानीय निवासियों का कहना है कि बिना पूर्व चर्चा और सुनवाई उन्हें घर खाली करने को कहना अनुचित है। कई परिवार दशकों से यहां रह रहे हैं और उनके पास तत्काल कहीं और जाने का विकल्प नहीं है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार दिल्ली–चंडीगढ़ सेक्शन पर हाई स्पीड ट्रेन चलाने की तैयारी की जा रही है, जिसके लिए रेलवे ट्रैक के दोनों ओर कंक्रीट की पक्की सुरक्षा दीवार का निर्माण अनिवार्य है। अधिकारियों का कहना है कि ज्यादातर हिस्से में दीवार बन चुकी है और केवल कुछ स्थानों पर निर्माण कार्य शेष है। नागरिकों द्वारा रेलवे लाइन पार करने से होने वाली दुर्घटनाओं की संख्या को देखते हुए इस दीवार को सुरक्षा के लिहाज से अत्यंत आवश्यक बताया जा रहा है। अधिकारियों की ओर से लंबित हिस्से को जल्द पूरा करने का दबाव भी जारी है, जिसके चलते नोटिस जारी किए गए।



**सोनीपत।** ज्ञान नगर में लोगों से बातचीत करते हुए मेयर राजीव जैन।

### दीवार बनने से प्रभावित होगी आवाजाही

निवासियों ने बताया कि दीवार बनने से कई बस्तियों में आवाजाही पूरी तरह प्रभावित होगी। ज्ञान नगर, सुंदर सांवरी और ईदगाह कॉलोनी जैसे क्षेत्रों में लोगों के लिए वैकल्पिक मार्ग का अभाव है। इस विवाद का समाधान खोजने के लिए नगर निगम और रेलवे के बीच कई दौर की बातचीत पहले भी हो चुकी है, लेकिन अंतिम निर्णय अभी तक नहीं हो पाया है। निगम का कहना है कि गांव जगदीशपुर में रास्ते के बदले जमीन देने का प्रस्ताव पहले ही उत्तर रेलवे को भेजा जा चुका है और उसकी पैमाइश भी करवाई गई थी, मगर तकनीकी कारणों से प्रस्ताव लंबित रह गया।

### वापस भेजे बुलडोजर

हालांकि इस बीच सुबह की स्थिति तब बदली जब रेलवे अधिकारियों से हुई बातचीत के बाद बुलडोजर को वापिस भेज दिया गया और नागरिकों ने राहत की सांस ली। बस्ती के लोगों का कहना है कि जब तक अंतिम समाधान नहीं निकलता, तब तक किसी भी एकतरफा कार्रवाई को रोका जाना चाहिए। अब उम्मीद है कि नगर निगम और रेलवे मिलकर पुनः समाधान की दिशा में आगे बढ़ेंगे।

### जमीन की अदला बदली का प्रस्ताव भेजा : जैन

नगर निगम मेयर राजीव जैन ने मौके पर पहुंचकर रेलवे अधिकारियों से फोन पर बातचीत की और बताया कि नगर निगम द्वारा उत्तर रेलवे को जमीन अदला–बदली का प्रस्ताव पहले ही भेजा जा चुका है, जिस पर विचार किया जा रहा है। जैन ने अधिकारियों से तत्काल कार्रवाई रोकने का अनुरोध किया, जिसके बाद बुलडोजर को वापिस भेज दिया गया। मेयर का कहना है कि तकनीकी अड़चनों को दूर करके जल्द ही दोनों पक्षों के बीच समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

## धूमधाम से मनाया देवऋषि सीनियर सेकेंडरी स्कूल का सिल्वर जुबली समारोह

# छात्रों को शिक्षा के साथ संस्कार भी दें : गहलावत



**राई।** प्रतिभागी छात्रों को सम्मानित करते विधायक कृष्णा गहलावत व स्कूल निदेशक जोगेन्द्र आंतिल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

देवऋषि सीनियर सेकेंडरी स्कूल का 25 वां स्थापना दिवस समारोह सिल्वर जुबली धूमधाम से मनाया गया। समारोह में राई हलका विधायक कृष्णा गहलावत ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। विशिष्ठ अतिथि मोतीलाल नेहरू खेल विश्वविद्यालय के वी सी अशोक कुमार, वीसी की धर्मपत्नी अलकनंदा अशोक, पूर्व आईपीएस सुमन मंजरी, भाजपा युवा नेता जसपाल खेवड़ा ने शिरकत की। स्कूल पहुंचने पर विधायक कृष्णा गहलावत व अन्य अतिथियों का स्कूल के निदेशक जोगेन्द्र आंतिल व प्रधानाचार्या रेनू गहलावत ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। मंच संचालन सुभाष सिशोदिया ने किया। कार्यक्रम में स्कूल के छात्रों द्वारा देश भक्ति से ओतप्रोत रंगारंग सांस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत किए। छात्रों ने नाटक के माध्यम से सामाजिक बुराईयों को दूर करने का संदेश दिया। विधायक कृष्णा गहलावत ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि छात्रों को शिक्षा के साथ संस्कार भी दे। बेहतर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने पर प्रतिभाशाली छात्रों को अपनी तरफ से विधायक ने 1 लाख रूपयें की राशि देकर सम्मान बढ़ाया। सइस मौके पर नरेन्द्र धीमान, प्राईवेट स्कूल एसोसिएशन के जिला प्रधन, राई स्कूल एसोसिएशन प्रधान दिनेश चौहान, कपिल, नरेन्द्र खेवड़ा, अमन नाहरी के अलावा गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## गांव बनवासा स्थित आर्यन विद्यालय में अंतर विद्यालय में प्रतियोगिता का आयोजन

# अंतर विद्यालय भाषण स्पर्धा में दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

शनिवार को गांव बनवासा स्थित आर्यन वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में हिंदी और अंग्रेजी विषय पर अंतर विद्यालय भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में प्रतिभागी विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का सराहनीय प्रदर्शन किया। विजेताओं को मेजबान विद्यालय की एमडी डॉ. स्वाति बांगड़ ने प्रशस्ति पत्र प्रदान करके सम्मानित किया।

हिंदी व अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने नशे की लत, आत्मविश्वास, किसानों की समस्याएं और महिलाओं की आजादी सहित विभिन्न विषयों पर अपनी प्रस्तुति दी। हिंदी भाषण में एमआरएन स्कूल रिंढाणा की छात्रा वंशिका और एसडी मेमोरियल स्कूल छपरा की छात्रा ज्योतस्ना और पलक क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता में एसवीएम स्कूल बरोदा की छात्रा खुशबू और मेजबान आर्यन वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की छात्रा परीक्षा पलक ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में राजेश शर्मा, मानसी रानी, मनमोहन और राकेश शर्मा ने प्रतिभागी विद्यार्थियों के विचार, प्रस्तुति और भाषा पर आधारित प्रदर्शन का मूल्यांकन किया।



**गोहाना।** विजेता विद्यार्थियों को ट्रॉफी एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए एमडी डॉ. स्वाति बांगड़। फोटो : हरिभूमि



**सोनीपत।** चिंतपूर्णी मंदिर में पहुंचीं यात्रा के दौरान पूजा करते हुए श्रद्धालुगण।

### दिल्ली से कटरा तक की विशेष आध्यात्मिक यात्रा पहुंची सोनीपत

**सोनीपत।** मां वैष्णो देवी के भक्तों की विशेष यात्रा शनिवार को सोनीपत के चिंतपूर्णी मंदिर पहुंचीं। दिल्ली के शालीमार बाग से पारस के नेतृत्व में चली यह यात्रा 18 दिसंबर तक वैष्णो देवी तक पहुंचेगी। यात्रा का मुख्य आकर्षण मां की शाम – मां के नाम है। जिसके तहत हर शाम मार्ग के प्रमुख स्थलों पर विशेष कार्यक्रम आयोजित होंगे, जिसमें भजन, कथा, ध्यान और सामूहिक प्रार्थना के माध्यम से भक्तों को मां की अनुकंपा का अद्भुत अनुभव कराया जाएगा। यात्रा में प्रतिदिन लंगर सेवा, दिव्य अमृत जल वितरण और निशुल्क सेवा कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

# छात्रों ने नारे लगाकर किया नशे का विरोध

- नशा–मुक्त हरियाणा मिशन के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोनीपत ने निकाली जागरूकता रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोनीपत ने शनिवार को एंटी-ड्रग जागरूकता एवं रोकथाम अभियान के तहत विशेष जागरूकता कार्यक्रम और रैली का आयोजन किया। रैली जिला एडीआर सेंटर, जिला न्यायालय परिसर सोनीपत से शुरू होकर मुख्य मार्गों से होते हुए छोटू राम चौक तक पहुंची। इस कार्यक्रम में डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल सोनीपत के 60 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

रैली को मुख्य विधिक सहायता प्रतिरक्षा वकील, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोनीपत द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कार्यक्रम में पैनल अधिवक्ता अरुण कुमार शर्मा ने छात्रों और स्थानीय नागरिकों को नशे के दुष्प्रभावों, परिवार व समाज पर इसके खतरनाक प्रभावों और नशा-मुक्त हरियाणा मिशन के महत्व के बारे में जागरूक किया। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और समाज में सकारात्मक संदेश फैलाने के लिए प्रेरित किया। रैली के दौरान छात्रों ने नारे लगाकर लोगों को जागरूक करने का कार्य किया।



**सोनीपत।** जागरूकता रैली को रवाना करते हुए अधिकारी, अधिवक्ता एवं अन्य।




**गन्नौर।** प्रधानाचार्य राजेंद्र कौशिक पुलिस कर्मियों का सम्मान करते हुए।

### नव ज्योति शिक्षा सदन में नशा मुक्ति अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम

**गन्नौर।** नव ज्योति शिक्षा सदन खुबडू भांवर में नशा मुक्ति अभियान के तहत विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभाव के बारे जागरूकता कार्यक्रम किया गया। जिसमें गन्नौर पुलिस स्टेशन से राजेश कांस्टेबल, मनोज कुमार, अमरीक सिंह ने नशा मुक्ति अभियान के तहत विद्यार्थियों को किया संबोधित किया और छात्रों को नशा मुक्ति की प्रतिज्ञा दिलाई। उन्होंने बताया कि नशा हमारे शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य को खराब करता है। हमें सभी प्रकार के नशों से दूर रहना चाहिए। नशा करके वाहन चलाने से हम स्वयं भी दुर्घटना के शिकार होते हैं तथा अन्य भी होते हैं। नशा हमारे परिवार के लिए भी बहुत घातक सिद्ध होता है। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेंद्र कौशिक ने भागवत गीता देकर सभी अतिथिगण का आभार प्रकट किया तथा विद्यार्थियों को भी नशे से दूर रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वाहन चलाते हुए हमें सड़क के नियमों का पालन करना चाहिए तथा नशा करके गाडियां नहीं चलानी चाहिए।



### राजकीय उच्च विद्यालय मसद में गीता जयंती समारोह आयोजित

**सोनीपत।** राजकीय उच्च विद्यालय मशद, सोनीपत में गीता जयंती समारोह उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाचार्या (डीडीओ) शमी, पीटीआई ललित और छात्रों द्वारा विवेकानंद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण तथा गीता श्लोकों के उच्चारण से हुई। समारोह में स्कूल के अध्यापक, नॉन-टीचिंग स्टाफ, विभिन्न कक्षाओं के छात्र-छात्राएँ और विवेकानंद केंद्र, प्रांत सोनीपत के कार्यकर्ता सहित लगभग 245 लोग उपस्थित रहे।विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी, सोनीपत नगर की ओर से हरियाणा प्रांत के साहित्य प्रमुख डॉ. सुधीर गर्ग मुख्य वक्ता रहे, जबकि नगर प्रमुख संजय भूटानी, युवा-प्रमुख प्रदीप, शशि गर्ग, दीपंकर मदान और अनिल चुघ ने भी समारोह में सहभागिता निभाई। श्लोक सुनाने वाले बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए पुरस्कार वितरित किए गए और सभी बच्चों से प्रतिदिन कम से कम एक श्लोक पढ़ने का आह्वान किया गया। अंत में अध्यापक अनिल ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का धन्यवाद कर कार्यक्रम का समापन किया।

## भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान के साथ पूर्ण मूर्ति कैंपस ने किया समझौता

# पूर्ण मूर्ति कैंपस में स्थापित होगा स्वचालित मौसम केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

पूर्ण मूर्ति कैंपस में भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान, पुणे (इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रॉपिकल मीटरोलॉजी) के सहयोग से स्वचालित मौसम केंद्र (ऑटोमेटिक वेदर स्टेशन) जल्द स्थापित किया जाएगा। इस बारे में पूर्ण मूर्ति कैंपस ने भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान, पुणे के साथ ऐतिहासिक समझौता किया है। विदित हो कि भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान देश के पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, भारत सरकार का एक स्वायत्त संस्थान है। स्वचालित मौसम केंद्र वायु की गति, दिशा, तापमान, नमी मापना और प्रति घंटा बारिश की जानकारी इकट्ठा करता है। इसके आधार पर मौसम के पूर्वानुमान की जानकारी मिलती है। पूर्ण मूर्ति कैंपस की तरफ से चेयरमैन डा. विजयपाल नैन व भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान की तरफ से प्रोजेक्ट डायरेक्टर व वरिष्ठ वैज्ञानिक डा. थारा प्रभाकरन तथा प्रोजेक्ट इनवेस्टिगेटर व वरिष्ठ वैज्ञानिक डा. शिवसाई ने हस्ताक्षर किए। इस मौके पर प्रोजेक्ट वैज्ञानिक नीतिग सिंह ने समझौते की प्रति डा.विजयपाल नैन व उनकी माता मूर्ति देवी को सौंपा। इस अवसर पर संस्था के सचिव गौतम नैन, प्रबंध निदेशक कपिल भाटिया, कोषाध्यक्ष भोपाल सिंह, एमडी इंजी. संघदीप शाक्य, डायरेक्टर एकेडेमिक्स डा. स्वीटी, कैंपस डायरेक्टर कुलदीप, रजिस्ट्रार कंवलजीत सिंह संधू, डीन अकादमिक संदीप आदि मौजूद रहे।



**सोनीपत।** पूर्ण मूर्ति कैंपस में स्वचालित मौसम केंद्र स्थापित करने को लेकर चेयरमैन डा.विजयपाल नैन व उनकी माता मूर्ति देवी को समझौते की प्रति सौंपते भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान के प्रोजेक्ट वैज्ञानिक नीतिग सिंह।

### सीईटी परीक्षा में उर्तीण सेंटर के छात्रों को किया सम्मानित



**गन्नौर।** सेंटर संचालक जोगेन्द्र मेधावी छात्रों का सम्मान करते हुए।

**गन्नौर।** एस.आर.के. स्किल सेंटर के छात्रों ने उत्कृष्ट शैक्षणिक गुणवत्ता का प्रमाण देते हुए सफलता का परचम लहराया है। संस्थान के 42 छात्रों ने सीईटी की परीक्षा उत्तीर्ण की है। उपलब्धि से संस्थान में खुशी का माहौल है। सेंटर के डायरेक्टर जोगेंद्र ने सफल छात्रों को बधाई देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि छात्रों की मेहनत, मार्गदर्शन और सही दिशा में की गई तैयारी का परिणाम है। उन्होंने छात्रों को निरंतर लक्ष्य की ओर बढ़ते रहने की प्रेरणा भी दी।



### खंड स्तरीय लीगल लिटरेसी प्रतियोगिता में प्रताप स्कूल छाया

**खरखौदा।** प्रताप सिंह मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, खरखौदा के विद्यार्थियों ने ब्लॉक स्तरीय लीगल लिटरेसी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अनेक श्रेणियों में शीर्ष स्थान हासिल किए। विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा, आत्मविश्वास और प्रस्तुति कौशल से सभी को प्रभावित किया। प्रतियोगिता में प्राप्त उपलब्धियाँ इस प्रकार रहीं - विवाद प्रतियोगिता में प्राची और चेत्सा प्रथम रहे। क्विज में नैन्सी, वंशिका और हीना दहिया ने पहला स्थान प्राप्त किया। भाषण में अर्पित, पावर प्वॉइंट प्रेजेंटेशन में प्रिंची धोते, डॉक्यूमेंट्री फिल्म में एंजेल ने प्रथम स्थान हासिल किया। पेंटिंग में वन्या, स्लोगन राइटिंग में स्वाति तथा स्किट में अक्षिता दहिया और समूह द्वितीय स्थान पर रहे।

**खेल**

## ओम पब्लिक स्कूल के वार्षिक खेलोत्सव के वरिष्ठ वर्ग में एना और आयुष मलिक सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित

# रस्साकस्सी प्रतियोगिता में सत्यम सदन की टीम विजेता

- मुख्य अतिथि डॉ. अर्चना आनंद ने विजेताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान करके सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

गोहाना-जींद मार्ग स्थित ओम पब्लिक स्कूल के वार्षिक खेलोत्सव में शनिवार को विद्यार्थियों ने खेल प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का दम दिखाया। मुख्य अतिथि डॉ. अर्चना आनंद ने विजेताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान करके सम्मानित किया। खेलोत्सव की अध्यक्षता एमडी निर्मल लाठर ने की। प्राचार्य डॉ. मनजीत खासा ने अतिथियों का स्वागत किया। संयोजन उप प्राचार्या रेखा बजाज का रहा।

वार्षिक खेलोत्सव में विद्यार्थियों ने बटरफ्लाई दौड़, चार टंगी दौड़, स्तम्भ दौड़, डाल्फिन दौड़, अनलॉक द लॉक दौड़, स्कीपिंग दौड़, टाई द शू दौड़, रिले दौड़, लोंग व शॉट डिस्टेंस दौड़, शॉटपुट, लंबी कूद और जैवलिन थ्रो आदि रचनात्मक खेल प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का सराहनीय प्रदर्शन किया। लडक्के व लड़कियों की रस्साकस्सी प्रतियोगिता में सत्यम सदन विजेता बना। खेलोत्सव में वरिष्ठ वर्ग की खेल प्रतियोगिताओं में कक्षा 12वीं से एना और कक्षा 11वीं से आयुष मलिक जबकि कनिष्ठ वर्ग में कक्षा पहली से कुश और कक्षा दूसरी से सानवी को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया। वार्षिक खेलोत्सव में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में कुल 116 विद्यार्थी विजेता घोषित किए गए। कक्षा तीसरी के 193 विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक गतिविधियों में अपनी कला प्रतिभा के श्रेष्ठ प्रदर्शन से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया।



**गोहाना।** विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित करते मुख्य अतिथि डॉ. अर्चना आनंद व शिक्षकगण।

### बाल भवन में स्पोर्ट्स मीट का द्वितीय दिवस सम्पन्न

**गन्नौर।** बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित दो दिवसीय स्पोर्ट्स मीट के द्वितीय दिवस उत्साह, उमंग और प्रतिस्पर्धात्मक जोश के साथ सम्पन्न हुआ। दूसरे दिन खेलो की शुरूआत वॉर्म-अप ड्रिल और विशेष स्वागत प्रस्तुति के साथ हुई। द्वितीय दिवस में ग्रेड 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए 200 मीटर रेस,400 मीटर रेस, रिले रेस ,कबड्डी,रस्साकसी शामिल थीं। छात्रों ने बेहतरीन गति, संतुलन और टीमवर्क का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का मन मोह लिया। दर्शकों के लिए आयोजित टीचर्स स्पोर्ट्स एक्टिविटीज ने कार्यक्रम में मनोरंजन और सहभागिता का विशेष रंग भरा। बच्चों के हौसले को बढ़ाते हुए अध्यापकों की उपस्थिति ने पूरे मैदान में उत्साह का माहौल बनाया। मुख्य आकर्षणों में छात्रों द्वारा प्रस्तुत योग एवं फिटनेस डेमो और देशभक्ति नृत्य शामिल रहे, स्पोर्ट्स मीट में सांस्कृतिक और शारीरिक दोनों पहलुओं को सुंदर रूप से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण ग्रैंड अवॉर्ड सेरेमनी रहा,जिसमें विभिन्न रेसों और इवेंट्स के विजेताओं को मेडल, ट्रॉफी और प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। विद्यालय के प्राचार्य जय भारत गुप्ता ने द्वितीय दिवस पर सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि खेल छात्रों के शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।




**गन्नौर।** प्रतिभागी विजेता छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित करते प्रधानाचार्य जयभारत गुप्ता।

### ग्राम सचिव एसोसिएशन ने किया जिला कार्यकारिणी का गठन

**सोनीपत।** बीडीपीओ कार्यालय में ग्राम सचिव वेलफेयर एसोसिएशन की जिला कार्यकारणी की एक बैठक का आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता ग्राम सचिव एसोसिएशन के राज्य प्रधान नरेश धनखड़ व पूर्व जिला प्रधान प्रदीप शर्मा ने की। बैठक में 11 सदस्यों की जिला कार्यकारणी का गठन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से मंजीत को सोनीपत का जिला अध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा मनीषा व जयदीप को उपाध्यक्ष, तेजसिंह को महासचिव, रेणु व साहिल को सचिव, सुमित को सहसचिव, मुकेश को कोषाध्यक्ष, शिवकुमार को प्रवक्ता, दीपक को सलाहकार, मोहित को ऑडिटर की जिम्मेदारी सौंपी गई। सभी चयनित सदस्यों का फूल मालाओं से स्वागत किया व सभी सदस्यों में कहा कि वे अपने पद की गरिमा को बनाए रखते हुए जिम्मेदारी का ईमानदारी से निर्वहन करेंगे। बैठक में बिजेंद्र मलिक, नीटू, शमशेर दहिया, प्रदीप हुड्डा, बिजेंद्र सैनी, अश्वनी, सावन आदि मौजूद रहे।

A Senior Secondary Co-educational School
Affiliated to CBSE, New Delhi

## EDUCATION at
# THE VEDIC ERA
**PROGRESSIVE SCHOOL, Ratangarh, Sonipat**

"make your child **fundamentally** strong"


Kindly follow us on:

## Registration Forms
available at the School Reception
on all working days between
9.30 am and 2.30 pm

Presently Registration Forms are
available only for admission in classes:
PP-I, PP-II, PP-III, 1st, 2nd, 6th

## Online Registration Forms
Available on the SCHOOL WEBSITE:
www.thevedicera.com

Registration Forms for admission in class 11th
shall be available in the month of March, 2026



OSG@9416276543

Founded, Funded & Managed by :
**Dr. V.P. Arya Memorial**
Educational & Charitable Trust (Regd.), New Delhi

Admission strictly on Merit basis
**Seats Limited**

**AGE CRITERIA FOR ADMISSION IN:**
- Class PP-I: 3 years and above
- Class PP-II: 3 years 6 months and above
- Class PP-III: 4 years 6 months and above
- Class 1st: 5 years 6 months and above

(Age criteria as per New Education Policy)

For the Session 2026-27
## Admission On for Classes
## PP-I, PP-II, PP-III 1st, 2nd, 6th
NO ADMISSION FEE FOR THESE CLASSES

Phone : 8059 300 111, 8059 400 111
8059 600 111, 92156 56602

e-mail: thevediceraschool@gmail.com
www.thevedicera.com

No seats available in Classes:
3rd, 4th, 5th, 8th, 9th, 10th, 12th

Very Limited seats available in Class: 7th

Registration Forms shall be issued for
class 7th on first-cum-first basis

## Wanted
**Well-qualified, smart, dedicated, convent-educated, experienced candidates good at spoken English:**

**TGTs:** English and Social Science

**PGTs:** English, Commerce, Informatics Practices

**Counsellor:** Post graduate in Psychology with rich experience in an English medium School

**Art & Craft Teacher:** Trained and experienced Female/ Male Art & Craft Teacher

**PTIs:** Trained and experienced Female PTIs

**Mother Teachers and NTTs**

Also Required:
**Trained & experienced Bus drivers**

- Kindly submit your RESUME/BIO-DATA within 7 days or mail it to: thevediceraschool@gmail.com
- It is compulsory to paste latest coloured passport size photograph.